स्कूल में कक्षा-कक्ष बनाये जाने की घोषणा

कोटपूतली, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम टापरी स्थित महात्मा गाँधी राजकीय विधालय में समाजसेवी व भामाशाह स्व. ओमकार चनेजा की पुण्य स्मृति में उनके भतीजे समाजसेवी जीवराज मुनीम, हरदान, हजारी, हेमराज व ताराचंद ने कक्षा कक्ष मय बरामदा बनवाये जाने की घोषणा की है।

उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में टापरी स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय को अंग्रेजी माध्यम में महात्मा गाँधी विधालय योजना के तहत रूपान्तरित करते हुये क्रमोन्नत किया गया था। ताकि ग्रामीण अंचल से आने वाली बालिकायें भी अंग्रेजी माध्यम की आधुनिक शिक्षा स्थानीय स्तर पर अपने गांव में ही ग्रहण कर सकें।

विधालय के विकास में टापरी के भामाशाह चनेजा परिवार द्वारा बढ़-चढकर सहयोग किया जा रहा है। पूर्व में भी उक्त विधालय में स्व. ओमकार चनेजा के भाई स्व. ग्यारसाराम व स्व. मूलाराम की पुण्य स्मृति में दो कक्षा कक्षों का मय बरामदा निर्माण करवाकर विधालय को सुपुर्द किया था।

चौरु सड़क मार्ग पर बरसाती पानी भरने से विद्यार्थी व राहगीर परेशान

चौरु/उनियारा, (निसं)। पंचायत प्रशासन और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से उनियारा उपखंड की ग्राम पंचायत चौरु में बस स्टैंड के पास सड़क मार्ग पर बारिश का पानी भरे रहने से आए दिन दोपहिया वाहन चालक पानी में गिरकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार टोंक सवाईमाधोपुर हाईवे मार्ग पर स्थित चौरु बस स्टैंड के पास बारिश का पानी जमा हुआ है जो आमजन के लिए एक तरह आफत बन गया है। लोगों को आवागमन के दौरान यहां से पैदल निकलना भी दुश्वार हो रहा है। इस मार्ग से ही छात्र-छात्राओं को अध्ययन के लिए जाना पड़ता है। चिरंजी लाल सैनी ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंदिर जाने के लिए छात्र-छात्राओं को इस सड़क मार्ग से गुजरना पड़ता है। शिक्षक व लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है यदि बरसात का पानी ज्यादा भर जाने से राहगीर एवं

उनियारा उपखंड की ग्राम पंचायत चौरु में बस स्टैंड के पास सड़क पर बारिश का पानी भरे रहने से राहगीर परेशान हैं।

ग्रामीण और स्कूल विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं वाहन चालक भी दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। जानकारी में बताया कि

- लोगों को आवागमन के दौरान यहां से पैदल निकलना भी दुश्वार हो रहा है

विद्यालय जाने के लिए मुख्य रास्ता है इसमें भी इतना पानी भर जाता है कि निकलना भी मुश्किल हो रहा है।

भरे हुए पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं होने के चलते हुए सड़क पर कहीं गड्ढे रूपी जगह होने से निरंतर पानी भरा रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात का पानी एकत्रित रहने से मच्छरों से मौसमी बीमारियों का भी अंदेशा रहता है। वहीं सरकारी स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। चौरु ग्राम पंचायत प्रशासन को भी इस संबंध में कई बार अवगत करा दिया गया है। लेकिन कोई कारगर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

श्री देवनारायण सेवा समिति का गठन

कोटपूतली, (निसं)। श्री देवनारायण जन कल्याण संस्थान के बैनर तले प्रतिवर्ष आयोजित करवाई जाने वाली भगवान श्री देवनारायण की ध्वज पद यात्रा की तैयारियों के लिये श्री देवनारायण सेवा समिति, कोटपूतली की बैठक का आयोजन रविवार को कस्बा स्थित वीर गुर्जर छात्रावास में हुआ।

संस्थान के जिलाध्यक्ष दयाराम कसाना ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम पनियाला निवासी विक्रम रावत को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जबकि बबलू कसाना व एड. राजाराम कसाना को उपाध्यक्ष, पूतली निवासी एड. सतपाल कसाना व सुन्दरपुरा निवासी एड. ओमप्रकाश कसाना को महामंत्री नियुक्त किया गया। इसके अलावा पनियाला निवासी विजेन्द्र रावत, पप्पुराम मुक्कड़, मोहनलाल गुरूजी व कृष्ण रावत को मंत्री एवं राजेश लोमोड़ को कोषाध्यक्ष पद पर चुना गया। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष की भांति भगवान श्री देवनारायण की 33 वीं विशाल ध्वज पद यात्रा इस वर्ष भी श्री देव धाम जोधपुरिया के लिये निकाली जायेगी।

सार-समाचार

बारिश से आम रास्तों में भरा पानी

निवाई, (निसं)। सिरस कस्बे सहित आसपास के गांवों में रविवार की सुबह 8 बजे से शुरू हुआ तेज बरसात का दौर दोपहर 2 बजे तक जारी रहा। जिससे खेतों व रास्तों में पानी भर गया। रास्तों में पानी भरने से आवागमन बंद हो गया जिससे लोगों को परेशानी उठानी पडी। रेलवे स्टेशन जाने वाले सडक़ पर बने बरसाती नाले के रपट से पानी का बहाव अधिक होने से वाहनों का आवागमन बंद रहा। जीएसएस के पूर्व अध्यक्ष श्यामलाल योगी, पूर्व उप सरपंच कैलाश प्रजापत, रामेश्वर नाथ, शिवचरण योगी व रामजस मीणा ने बताया कि तेज बरसात के बाद रपट पर पानी का बहाव अधिक हो गया। रविवार की शाम को पानी का बहाव अधिक होने से रोडवेज बस का संचालन भी बंद रहा। जिससे यात्रियों को आने जाने में समस्या बनी रही। रपट पर पुलिया नहीं होने से बरसात के मौसम में सिरस का आवागमन बंद हो जाता है । लोगों ने प्रशासन से रपट पर शीघ्र पुलिया बनाने की मांग की है।

तेज बरसात से चेक डेम टूटा

निवाई, (निसं)। दूसरे दिन भी क्षेत्र में तेज बारिश हुई। तेज बारिश होने से पहाड के पीछे बना हुआ वन विभाग को चेक डेम टूट गया जिससे सारा पानी बहकर आसजी के बंधे में चला गया। लगातार बारिश होते रहने से शहर की कॉलोनियों, राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय व सरकारी कार्यालयों में पानी भरा रहा। कई कालोनियां में बरसाती पानी भरा रहने से कॉलोनीवासियों को लगातार परेशानी उठानी पड रही है। शनिवार को मूसलाधार बारिश के बाद रविवार को तेज बारिश हुई। बारिश से शहर के रक्तांचल पर्वत के सारे झरने बह रहे है। मौसम खुशनुमा होने के कारण लोग पहाड के पीछे पहुंचकर झरनों में नहाने का आनन्द लेने के साथ ही पिकनिक भी कर रहे हैं। जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम 5 बजे तक निवाई मुख्यालय पर 29 एमएम बारिश दर्ज हुई है।

जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना जारी

कोटपूतली, (निसं)। अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा धरना रविवार को लगातार 612 वें दिन भी मन्दिर प्रांगण में बदस्तूर जारी रहा। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि जोधपुरा (मोहनपुरा) के सघन आबादी, बसावटों व माध्यमिक विद्यालय से 82 मीटर की दूरी पर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा पत्थर पीसने के क्रेशर से निकलने वाले धूल धूऐं से गांव में धुंध व कोहरे जैसा वातावरण हो जाता है। ग्रामवासियों को सांस लेने में भी परेशानी महसूस होती है। गांव में चर्म रोग, एलर्जी, दमा व श्वास जैसी बिमारियां आम हो गई है। क्रेशर को आबादी के नजदीक से हटाया जाये या मोहनपुरा के शेष बचे भाग जोधपुरा का पुनर्वास किया जाये की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा है। सचिव कैलाश यादव ने कहा कि जब तक समिति की मांगों को पुरा नहीं किया जायेगा, तब तक हम हमारे हक व अधिकारों के लिए लड़ते रहेंगे। इस दौरान समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, हरभगत कम्पाउंडर, प्रभुदयाल वर्मा, पवन, मदन, लीलाराम यादव, सूबेसिंह मीणा, विजय यादव, निहाल सिंह यादव, कानाराम यादव, जयराम यादव, भूपसिंह धानका, रोहिताश योगी, रामनिवास अध्यापक, विजय यादव, मोहर सिंह योगी समेत महिलायें मौजूद रही।

विधायक ने तिजारा में की जनसुनवाई

तिजारा, (निसं)। विधायक महंत बालकनाथ ने तिजारा कार्यालय पर जनसुनवाई की। इस दौरान पानी ,पुलिस और राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याएं सामने आने पर विधायक ने जल्द समाधान के लिए आश्वासन दिया। मंहत बालक नाथ ने तिजारा विधायक कार्यालय पर आम लोगों के बीच बैठककर एक-एक व्यक्ति की समस्या सुनी और जल्द ही समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक ने शिकायतों से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को जल्द समस्या समाधान के सख्त निर्देश दिए। जनसुनवाई में पुर्व जिला प्रमुख राजू यादव, देशपाल यादव , मंडल अध्यक्ष बनेसिंह गुर्जर, मंडल अध्यक्ष विनयपाल यादव, विरेन्द्र सैनी, एडवोकेट नीरज यादव, अजयपाल यादव, रामेश्वर सैनी चैयरमेन, रतिराम यादव सरपंच, विक्रम सिंह सरपंच, नीरज यादव, डॉ दिनेश यादव, चंद्रपाल यादव, कंवर सिंह चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि व लोग मौजूद रहे।

बालयोगी बालकनाथ की चादर रस्म आज

खैरथल, (निसं)। जिले के पेहल में स्थित नाथ संप्रदाय के प्रसिद्ध आश्रम अनंत श्री गोरक्षनाथ आश्रम के संस्थापक महंत प्रभातीनाथ महाराज के ब्रह्मलीन होने के बाद सोमवार को आश्रम के दूसरे महंत के लिए चादर रस्म का आयोजन किया जाएगा । नाथ संप्रदाय के संतों व पंच-पटेलों की सर्वसम्मति से महंत के पद पर ब्रह्मलीन महंत प्रभातीनाथ महाराज के शिष्य बालयोगी बालकनाथ महाराज को आसीन कराया जाएगा । आश्रम के परिसर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सोमवार को नाथ संप्रदाय की परंपरा के अनुसार विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना सुबह 7 बजे से शुरू कराई जाएगी । इसके बाद सुबह 10 बजे अखिल भारतीय नाथ संप्रदाय के उपाध्यक्ष रोहतक के अस्थल बोहर के बाबा मस्तनाथ मठ के मठाधीश व तिजारा के विधायक महंत बालकनाथ योगी जी के द्वारा नाथ संप्रदाय के संतो सहित चादर रस्म पूरी की जाएगी ।

'आमजन की समस्याओं का त्वरित निवारण हो'

अलवर, (निसं)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज अम्बेडकर नगर स्थित भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। मंत्री की जनसुनवाई में 103 फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखी।

मंत्री शर्मा ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर कहा कि आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने फरियादियों को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवेदना के निस्तारण की सूचना फरियादियों को दी जाए।

मंत्री की जनसुनवाई में यह प्रमुख समस्याएं रही-भूगोर में सडक व नाली बनवाने, देवखेडा अम्बेडकर नगर में कचरा एकत्रण स्थल में परिवर्तन कराने, बिचला सोनावा में पानी की पाइप लाइन डालने से क्षतिग्रस्त सडक को ठीक कराने, प्रेम कुंज कॉलोनी में पेयजल पाइप लाइन को चालू कराने, बेलाका (मुल्तान नगर) में सीसी सडक बनाने,

- वन एवं पर्यावरण मंत्री व अलवर शहर विधायक संजय शर्मा ने की जनसुनवाई

गोपाल टॉकीज के पीछे मौहल्ले में पेयजल आपूर्ति कराने।

एनईबी सैक्टर 2 में विद्युत ट्रांसफार्मर का लोड बढवाने व सीवर लाइन के ढक्कन लगवाने, स्कीम नं. 8 अरावली विहार में नियमित साफ-सफाई कराने, बहादुरपुर मौहल्ला ठाकरवाडी में सरकारी जमीन व आम रास्ते से अतिक्रमण हटवाने, राजगढ में डेरा का बांध व माचाडी बांध में हो रहे रिसाव की मरम्मत कराने, बानसूर के ग्राम भूपसेडा के निवासी द्वारा इंतकाल खुलवाने सहित पेयजल, यूआईटी, नगर निगम, पुलिस, विद्युत एवं स्थानांतरण आदि के मामले रहे।

इस दौरान नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, सतीश यादव, पं. जलेसिंह, गोरधन सिंह सिसोदिया, ऋषिराज शर्मा, डॉ. के.के शर्मा, राजेन्द्र कसाण सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, संबंधित अधिकारी एवं फरियादी मौजूद रहे।

173 प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किया

बौंली-बामनवास, (निसं)। रविवार को शैक्षिक सत्र 2023-24 में दसवीं व 12वीं की कक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक में उत्तीर्ण प्रदेश की मेधावी प्रतिभावान छात्राओं को बामनवास उपखंड मुख्यालय पर सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया।

रतनलाल, मीठालाल फाउंडेशन के संरक्षक रामदास एवं रुक्मणी मीणा ने प्रतिभावान छात्राओं एवं उनके परिजनों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्रत्येक कक्षा में तीन टॉपर्स को नगद पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉक्टर ममता एवं डॉक्टर शिवराज ने शिक्षा, समानता, समरसता, संस्कार और जनकल्याण के महत्व पर बल देते हुए सभी बालिकाओं और उनके परिजनों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

प्रतिभावान छात्रा सम्मान समारोह के आयोजित कार्यक्रम में हेमराज मीणा, रिंकी देवी, नजमा बेगम, जयप्रकाश सेन, रोशन बैरवा, रामकेश माली, राजैश मित्तल, मनीषा तिवारी, बत्तीलाल सैनी, सुबेसिंह खारवाल, चंद्र मोहन नामा, एवं मुकेश गुर्जर सहित अनेको गणमान्य उपस्थित थे।

सर्विस रोड़ की मरम्मत के बाद यातायात हुआ सुगम

कोटपूतली, (निसं)। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर एनएचएआई ने युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए पूतली मोड़ के पास वाली सर्विस रोड़ के मरमतीकरण का कार्य पूर्ण किया। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि एनएचएआई के द्वारा पूतली कट के पास ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जारी है।

जिसके कारण यातायात निरन्तर

- जिला कलेक्टर के निर्देशन में युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए मात्र 48 घंटे में दुरुस्त हुई सर्विस रोड़

प्रभावित रहता है। इस पर पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण पूतली मोड़ के पास सर्विस रोड़ भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके कारण नेशनल हाईवे पर लम्बा ट्रैफिक जाम देखने को मिल रहा था, जिससे आमजन को परेशानी हो रही थी। जनहित से जुड़ी समस्या का तुरन्त संज्ञान लेते हुए एनएचएआई के

पूतली मोड़ के पास वाली सर्विस रोड़ का मरम्तीकरण कार्य पूर्ण।

प्रतिनिधियों को सर्विस रोड़ को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए गये। जिसकी पालना में एनएचएआई ने युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए सर्विस रोड़ को दुरुस्त करने का कार्य करते हुए आमजन को राहत प्रदान की। इसके साथ ही सर्विस रोड़ के अलावा आसपास बने गड्ढों को भी भरकर दुरुस्त करवाया गया। सर्विस रोड़ को दुरुस्त करने के बाद ना केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि आमजन को भी इससे राहत मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर व एसपी ने विगत रोज अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के लिये कोटपूतली व बहरोड़ सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया था।

तिरंगा रैली में उमड़ा देश भक्ति का ज्वार

अलवर, (निसं)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले में आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले के समस्त उपखण्ड कार्यालयों, पंचायत समितियों एवं नगर निकायों में बाइक एवं ट्रैक्टर के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों में तिरंगा रैली का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में आमजन की उत्साहपूर्ण सहभागिता से देश भक्ति का ज्वार उमड़ पड़ा।

जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिलेभर में 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसके तहत 12 अगस्त को जिला मुख्यालय पर कम्पनी बाग से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक एवं ब्लॉक स्तर पर सभी उपखण्ड क्षेत्रों में हर घर तिरंगा रन/मैराथन का आयोजन किया जाएगा एवं जिले के समस्त ओद्योगिक इकाईयों में श्रमिकों द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम एवं तिरंगा शपथ का आयोजन करवाया जाएगा। 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर नवीन उच्च माध्यमिक विद्यालय से एसएमडी विद्यालय तक एवं जिले सभी उपखण्ड क्षेत्रों में स्थित राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर हर घर तिरंगा रैली व हर घर तिरंगा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। साथ ही जिले की समस्त पंचायत समितियों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में तिरंगा रंगों के साथ रंगोली बनाया जाना व महिला हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन कराया जाएगा। 14 अगस्त को जिला मुख्यालय पर प्रताप ऑडिटोरियम में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत तिरंगा मेला व सास्कृतिक कार्यक्रम एवं तिरंगा सेल्फी तथा तिरंगा कैनवास अभियान आयोजित किया जाएगा एवं जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों एवं समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में तिरंगा शपथ व तिरंगा सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित होगी।

15 अगस्त को जिला मुख्यालय इंदिरा गांधी स्टेडियम में एवं सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में तिरंगा सेल्फी एवं तिरंगा कैनवास अभियान तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत मेले का आयोजन होगा। उन्होंने समस्त प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समस्त गतिविधियों का सफल क्रियान्वयन करवाया जाना सुनिश्चित करे।

वाटर कूलर मय टंकी लगाया

शाहपुरा, (निसं)। गर्मी के मौसम को देखते हुए शाहपुरा के गुप्ता परिवार ने सेड का बास में रविवार को राजकुमार देवआयुष सिंह के मुख्य अतिथि व नगर पालिका के अध्यक्ष बंशीधर सैनी की अध्यक्षता व समाजसेवी दिलीप बन्ना, संतोष माधाणी, भगवान सहाय बेनीवाल, राम प्रकाश नाई, जिला प्रवक्ता सुभाष जोशी व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश मित्तल के विशिष्ट अतिथि में आमजन के पीने के लिए वाटर कूलर मय टंकी सहित का शुभारंभ फीता काटकर अतिथियों द्वारा किया गया। गुप्ता परिवार के प्रदीप गुप्ता, समाजसेवी मोहनलाल खुटेटा, कमल किशोर गुप्ता व पदम गुप्ता ने बताया कि अपने पिताजी स्वर्गीय कैलाश चंद गुप्ता दादाजी लक्ष्मी नारायण गुप्ता की याद में आमजन के लिए वार्ड नंबर 17 स्थित सेठ का बास में वाटर कूलर का उद्घाटन किया।

मारपीट की जांच अब उप पुलिस अधीक्षक एससी एसटी प्रकोष्ठ करेंगे

अलवर, (निसं)। अखिल भारतीय जनवाडी महिला समिति (एडवा) की मांग पर पुलिस अधीक्षक अलवर ने अलवर कला कॉलेज प्राचार्य अशोक आर्य एवं इनकी सरकारी शिक्षक पत्नी वसुंधरा जाति जाट के खिलाफ दर्ज एनईवी थाने में दर्ज मारपीट, गाली गलोंच, बेअदवी, धमकी, सोने के कुंडल छीनने के मुकदमे की जांच अब उप पुलिस अधीक्षक एससी एसटी प्रकोष्ठ को दे दी गई है।

22 मई 2024 को अशोक आर्य एवं इनकी पत्नी के खिलाफ एनईबी थाना,अलवर में दर्ज मुकदमे में उल्लेख है कि चांदोली गाँव के हाल निवासी एनईबी विस्तार के एक दलित मजदूर किशनलाल जाटव, इनकी बेटी एवं पत्नी की 20-21 मई 2024 को अशोक आर्य एवं इनकी पत्नी वसुंधरा ने पीड़ितों की बेरहमी से पिटाई, बेइज्जती की,धमकी दी,कानों में पहने सोने के कुंडल छीन लिए जिनकी प्रथम सूचना रिपोर्ट पर एनईबी थाने में आईपीसी की धारा 323, 341, 354 , 504 , 506 में मुकदमा दर्ज किया गया था। पीड़ितों के कहने के बाद भी एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज नहीं किया । आरोपी वसुंधरा जोकि जाति से जाट है ने खुद की जातिगत पहचान को छिपाया। सब कुछ जानते हुए भी एनईबी पुलिस ने भी आरोपियों का सहयोग किया,वसुंधरा की जाति को छिपाने की भरसक कोशिश की। पीड़ितों को गुमराह कर,डराकर 23 जून की रात को करीब 11 बजे पुलिस ने जबरन थाने में समझौता लिखवा लिया जिस समझौते की भाषा पीड़ितों को ही फंसाने की है और आरोपियों को दोषमुक्त करने की है। यह इसलिए कि पीड़ित गरीब हैं,कानून के जानकार नहीं है।

4 करोड़ 10 लाख की लागत से बनी सड़क का लोकार्पण

श्रीमाधोपुर, (निसं)। यूडीएच मंत्री, क्षेत्रीय विधायक झाबर सिंह खर्रा ने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को सौगात दी।

जानकारी के अनुसार यूडीएच मंत्री खर्रा ने दोपहर में गौशाला से बाईपास रोड़ तक दो लाईन से चार लाईन तक

- कल्याणपुरा में बनने वाली 60 लाख की लागत से सड़क का शिलान्यास
- यूडीएच मंत्री खर्रा ने दी विकास कार्यों की सौगात

बनी 4 करोड़ 10 लाख की लागत से सड़क का शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने ने कल्याणपुरा श्रीमाधोपुर में कल्याणपुरा से डेरावाली तक 60 लाख की लागत से बनने वाली 2.57 किलोमीटर की नवीनीकरण सड़क का अटल सेवा केन्द्र में शिलान्यास किया। सभी जगहों पर मंत्री का क्षेत्रवासियों ने

यूडीएच मंत्री, क्षेत्रीय विधायक झाबर सिंह खर्रा ने विकास कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया।

गर्मजोशी के साथ साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री एक पेड़ मां के नाम अभियान पर जोर देकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया। साथ ही में कहा कि आज से विकास कार्यों की सौगात शुरू हो गई है। अभी सरकार का पहला बजट जारी हुआ है जिसमें श्रीमाधोपुर में पेयजल, सीवरेज जैसे बड़े कार्यों को करवाने के लिए अच्छा बजट मिला है। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनवारीलाल यादव, एसडीएम अनिल कुमार,पीडब्लूडी एक्सईएन, एईएन सुबे सिंह सैनी, पालिका उपाध्यक्ष औंकार सिंह राठौड़, नगरपालिका ईओ छगनलाल यादव, तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल जैन, देहात मंडल अध्यक्ष सुरेश कुड़ी, पूर्व पालिकाध्यक्ष तनसुख कुमावत, पार्षद श्रवण आचार्य, रविन्द्र ओसवाल, रोशन बिजारणियां,पवन सोलावाला, प्रकाश जैन, थानाधिकारी जयसिंह बसेरा सरपंच प्रतिनिधि रामदेव सिंह समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

'5 साल में 50 करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए जाएंगे'

अलवर, (निसं)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने आड़ा-पाड़ा स्थित हनुमान मंदिर, मोती डूंगरी हनुमान मंदिर व डढ़ीकर स्थित सपना एनजीओ परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान व हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधेरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मंत्री शर्मा ने आडापाडा हनुमान मंदिर व मोती डूंगरी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अधिकाधिक वृक्षारोपण करने के पुनीत कार्य के रूप में प्रारम्भ किए गए एक पेड मां के नाम अभियान एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान अभियान को सफल बनाने में देश व प्रदेश का जनजन अपना योगदान दे रहा है उसी प्रकार प्रकृति भी अच्छी वर्षा से पूरा साथ दे रही है।

उन्होंने कहा कि पौधे लगाने का यह सबसे उपयुक्त अवसर है प्रत्येक व्यक्ति को धरती मां व अपनी मां के सम्मान में पौधे अवश्य लगाने चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा अभियान के तहत आमजन की भागीदारी से आगामी 5 वर्षों में 50 करोड से अधिक पौधे लगाए जाएंगे।

वीर हनुमान धाम के एनिकट पर चली पानी की चादर



बारिश से सामोद वीर हनुमान धाम में बने एनिकट पर भी पानी की चादर चली।

चौमूं/कालाडेरा, (निंस)। चौमूं शहर व उपखण्ड के अधिकांश गांव कालाडेरा, टांकरडा, सामोद, हाथलोदा, म्हारकलां वीर हनुमान धाम, मालेश्वर धाम, सहित आस-पास के गांवों में रविवार को भी झमाझम बारिश का दौर जारी है।

तेज बारिश के कारण चौमूं उपखण्ड के सामोद पर्वत पर विराजे वीर हनुमान धाम की पहाड़ियों पर भी तेज झरने बहने के साथ मन्दिर की सीढ़ियों में भी पानी की तेज आवक हुई। वहीं सामोद वीर हनुमान धाम में बने एनिकट पर भी पानी की चादर चली। सामोद वीर हनुमान धाम मन्दिर आले वाले श्रद्धालुओं को बारिश के दौरान सावधानी बरतनी चाहिए पानी के तेज बहाव क्षेत्र के पास जाने से बचना चाहिए और बारिश के दौरान सुरक्षित धर्मशाला में रुकना चाहिए।

सामोद के बंदौल में स्थित महामाया माता के मन्दिर में जाने वाली रास्ते पर भी कई जगह तेज बारिश के पानी के कारण कटाव लगने के साथ जगह-जगह रास्ते अवरुद्ध भी हो गए। वहीं चौमूं शहर के सुभाष सर्किल पर सड़क पर पानी का जल भराव होने व पानी की निकासी नहीं होनी के कारण शहर के व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महारकंला गांव के मलेश्वर महादेव मन्दिर की पहाड़ियों पर प्राकृतिक झरनों में पानी की आवक तेज होने के कारण से नाले उफान पर है। वहीं मालेश्वर से कावड़ लाने वाले शिव भक्तों को सावधानी रखनी चाहिए।